EditorsBreaking

ताज़ा समाचार और नवीनतम अपडेट

ग्वालियर

ड्राईफ्रूट समझकर जहरीला फल खा गए बच्चे, 10 की तबीयत बिगड़ी

प्रकाशित तिथि: 21 Sep 2026



ग्वालियर। मुरार ब्लॉक के सरिसौद गांव में रविवार शाम 10 बच्चों की रतनजोत का फल खाने के बाद तबीयत बिगड़ गई। बच्चे भागवत कथा और भंडारे से लौट रहे थे।

रास्ते में खेत के किनारे रतनजोत का पौधा देखकर उन्होंने उसके फल को ड्राईफ्रूट समझ लिया और आपस में बांटकर खा लिया। घर पहुंचने के कुछ देर बाद बच्चों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त होने लगे। परजिन सभी बच्चों को जिला अस्पताल मुरार लेकर पहुंचे। वहां से उन्हें जयारोग्य अस्पताल (JAH) समूह के कमला राजा अस्पताल (KRH) रेफर किया गया। 8 बच्चों को KRA के PICU और 2 को न्यू जेएएच के ICU में भर्ती किया गया है। गांव से तीन और बच्चों को अस्पताल लाए जाने की जानकारी है। PICU में पूजा (11), आरती (9), दीक्षा (12), प्रवीण (10), दिव्या (8), सुमति (8), गौरव (5) और तनु (9) भर्ती हैं। हरओम (15)

और सेजल (14) को गंभीर स्थिति के चलते न्यू जेएएच के ICU में रखा है।

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ प्रो. डॉ. घनश्याम दास के मुताबिक, रतनजोत का फल जहरीला होता है। इसे खाने से शरीर में टॉक्सिसिटी हो सकती है, जिसके कारण उल्टी-दस्त और डिहाइड्रेशन जैसी समस्या होती है। बच्चों के जहरीला फल खाने की सूचना मिलते ही प्रो. डॉ. घनश्याम दास कमला राजा अस्पताल पहुंचे। उन्होंने भर्ती बच्चों की स्थिति का जायजा लिया और डॉक्टरों की टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

टैग: #gwalior news #poison #jah #krh
